**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय, मध्यप्रदेश**

पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड नम्बर-3, भोपाल- 462016

फोन-0755-2556916, ईमेल- dir.socialjustice@mp.gov.in


क्रमांक/I/240621/2025 भोपाल22-04-2025

प्रति,

**संयुक्त संचालक / उप संचालक**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण,

जिला - समस्त, मध्यप्रदेश

**विषय:- दिनांक 09/04/2025 को आयोजित विभागीय वी.सी का कार्यवाही विवरण।**

--00--

दिनांक **09/04/2025** को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं/विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, संचालनालय एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेसिंग में निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. सर्वप्रथम मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। समस्त जिला अधिकारियों को अवगत कराया गया कि दिनांक **28** मार्च **2025** को आयोजित समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में मान. मुख्यमंत्रीजी द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये हैं।

   • समाधान ऑनलाईन में शिकायतें चयनित होने के उपरांत ही हल न निकाले बल्कि इसके पूर्व ही अपनी दक्षता से शिकायत का समाधान करें।

   • राज्य शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समय-सीमा में प्रदाय किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

2. उपरोक्तानुसार निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया।
3. मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में **100** दिवस से लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। दिनांक **09.04.2025** को कुल **269** शिकायतें **100** दिवस से लंबित पाई गई हैं जिनमें से **221** शिकायतें मात्र **22** जिलों में ही लंबित हैं। जिला भोपाल में सर्वाधिक **27** शिकायतें **100** दिवस से लंबित पाई गई। उक्त सभी जिलों से योजनावार लंबित शिकायतों के संबंध में चर्चा कर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गये।
4. जिला ग्वालियर में लैपटाप वितरण संबंधित शिकायत **21234165** , जिला नरसिंहपुर में स्थापना संबंधित शिकायत **19514834**, जिला सागर में अशासकीय संस्था संबंधित शिकायत **22982906**, जिला बैतूल में कन्या विवाह योजना से

संबंधित शिकायत 24227256 अत्यधिक समय से लंबित है। प्रत्येक शिकायत में जिला अधिकारी से चर्चा कर तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

5. जिला बालाघाट में अधिक संख्या में शिकायतें 100 दिवस से लंबित पाई गई जिस पर जिला अधिकारी से चर्चा की गई उनके द्वारा बताया गया कि उक्त शिकायतें पूर्व में जिला स्तर से स्पेशल क्लोज कर दी गई थी, उक्त शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के लिये जिला स्तर से री-ओपन कराया गया है। उक्त सभी शिकायतों को तत्काल संतुष्टि से बंद कराने हेतु निर्देशित किया गया।
6. जिला इंदौर में सर्वाधिक 200 शिकायतें लंबित हैं, जिला अधिकारी से चर्चा कर शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. जिला दमोह के मुख्यमंत्री दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के एक प्रकरण पर चर्चा की गई। आवेदक द्वारा 2 वर्ष पूर्व पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने एवं सभी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत भी लंबित रखा गया है, चर्चा के दौरान संबंधित निकाय के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में 4 से 6 माह पूर्व ही आवेदक का भौतिक सत्यापन कर जिला कार्यालय को प्रतिवेदन प्रेषित करने के संबंध में बताया गया। प्रकरण में जिला कार्यालय दमोह द्वारा अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। प्रकरण में तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये।
8. समस्त जिला अधिकारियों को दिव्यांगजनों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के संबंध में निर्देशित किया गया।
9. राष्ट्रीय परिवार सहायता के प्रकरणों में भुगतान के लिये संबंधित से सतत संपर्क बनाये रखकर निराकरण करने के निर्देश दिये गये।
10. केन्द्रीय दिव्यांग छात्रवृत्ति के संबंध में आयुक्त दिव्यांगजन भारत सरकार द्वारा वी.सी.के माध्यम से दो बार की गई समीक्षा के संबंध में सभी जिला अधिकारियों को अवगत कराया गया और शैक्षणिक संस्था स्तर पर लंबित आवेदनों का आफलाईन सत्यापन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में संबंधित जिला अधिकारियों को संचालनालय से दिनांक 01.04.2025 को पत्र भी प्रेषित किया गया है जिसमें कुल लंबित 88 आवेदनों की नाम वार जिलेवार शैक्षणिक संस्थावार सूची संलग्न कर प्रेषित की गई है।
11. समस्त जिला अधिकारियों/कर्मचारियों को आईगाट कर्मयोगी पर पंजीयन कर असाईन किये गये 5 कोर्स करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी को अवगत कराया गया कि अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किये गये कोर्स की प्रविष्ठी उनके गोपनीय प्रतिवेदन में भी की जावेगी। अत: गंभीरता से निर्धारित किये गये कोर्स की निश्चित समयावधि में अनिवार्यत: पूर्ण कर लें।

12. जिला सागर को अवगत कराया गया कि अशासकीय संस्थाओं के प्रशिक्षण के संबंध में जिलों के यूजर आईडी एवं पासवर्ड समस्त जिला अधिकारियों को पूर्व में ही ईमेल पर उपलब्ध कराये गये हैं। अपने जिले के यूजर आईडी एवं पासवर्ड से निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
13. विभागांतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थाओं में छात्र/छात्राओं की सुविधा एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने तथा भवन संधारण तथा पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया गया।
14. विभागांतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित शासकीय एवं राज्य अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्थाओं में मिड डे मील प्रारंभ कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
15. जिला अलीराजपुर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु माह अप्रैल **2025** में शिविरों के आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया।
16. शेष **31** जिलें यथा आगर-मालवा, अलीराजपुर, अशोकनगर, बालाघाट, भिण्ड, दमोह, देवास, डिण्डौरी, गुना, इंदौर, जबलपुर, कटनी, खण्डवा, मैहर, मउगंज, नरसिंहपुर, पार्ढुना, रायसेन, रतलाम, सागर, सतना, सिवनी, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, सिंगरौली, उमरिया, भोपाल, सीधी एवं नीमच आदि जिलों में जिला स्तरीय नशामुक्ति समिति की बैठक अनिवार्यता: दिनांक **20** अप्रैल **2025** तक आयोजित कर संचालनालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

DEEPAK CHOURSE

MONITORING OFFICER

पृ.क्रं/I/240621/2025 भोपाल22-04-2025

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग।
2. समस्त संभागीय आयुक्त मध्यप्रदेश।
3. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
4. समस्त आयुक्त नगर निगम म.प्र.।
5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, म.प्र।
6. संयुक्त संचालक/उप संचालक, मुख्यालय संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. समस्त संयुक्त/उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला-समस्त, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

8. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद/नगर पंचायत म.प्र.।

9. समस्त प्रशासकीय अधिकारी, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, म.प्र.।

10. जिला समग्र संयोजक/समस्त समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश।

DEEPAK CHOURSE
MONITORING OFFICER

Digitally signed by
Deepak Kumar Chourse
Date: 22-04-2025
19:01:20